काली देह पर खेलन आयो री

काली देह पर खेलन आयो री,
मेरो वारो सो कन्हैया,
मेरो वारो सो कन्हैया, मेरो छोटो सो कन्हैया,
काली देह पर खेलन आयो री,
मेरो वारो सो कन्हैया.....

ग्वाल बाल सब शाखा संग में,
बाने गेंद को खेल रचायो री,
मेरो वारो सो कन्हैया.....

रेशम की याने गेद बनाई,
चंदन को बल्ला लायो री,
मेरो वारो सो कन्हैया.....

मारो टोल गेंद गई देह में,
वह तो गेंद के संग ही धायो री,
मेरो वारो सो कन्हैया.....

नाग नाथ कर बाहर आओ,
बाने फन पर नृत्य करायो री,
मेरो वारो सो कन्हैया.....

रमण दीप को नाग भाग गयो,
बाने फन पर चिन्ह बनायो री,
मेरो वारो सो कन्हैया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28721/title/kali-deh-par-khelan-aayo-ri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |